RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous Application No. 584/2025

In

S.B. Criminal Misc. Petition No. 8082/2024

Ishwar Singh Bhati S/o Shri Dharampal Singh Bhati

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Neeraj Joshi |
| For Respondent(s) | : | Mr. Amit Kumar Gupta, PP |

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**18/03/2026**

यह दाण्डिक विविध प्रार्थना पत्र संख्या–584/2025 मूल दाण्डिक विविध याचिका संख्या 8082/2024 को पुनर्स्थापित किए जाने तथा इसे पुनः मूल नम्बर पर लिए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

विद्वान अधिवक्ता याची का निवेदन है कि पूर्व में दाण्डिक विविध याचिका संख्या–8082/2024 दिनांक 15.7.2025 को अदम हाजरी अदम पैरवी में निरस्त हो गई थी, जिसे पुनर्स्थापित किए जाने हेतु दाण्डिक विविध प्रार्थना पत्र संख्या–584/2025 प्रस्तुत किया गया था। किन्तु यह प्रार्थना पत्र भी दिनांक 9.1.2026 को अदम हाजरी अदम पैरवी में निरस्त हो गया। तत्पश्चात् उनकी ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र संख्या–52/2026 इस न्यायालय की समकक्ष पीठ द्वारा दिनांक 5.3.2026 को स्वीकार किया जाकर प्रार्थना पत्र संख्या–584/2025 को पुनर्स्थापित करते हुए पुनः मूल नम्बर लिए जाने का आदेश दिया गया, परन्तु मूल दाण्डिक विविध याचिका संख्या–8082/2024 पुनर्स्थापित होकर पुनः मूल नम्बर पर नहीं आई। उनका निवेदन है कि याचिका संख्या–8082/2024 जब दिनांक 15.7.2025 को अदम हाजरी अदम पैरवी में निरस्त की गई, उस दिन वे स्वयं अस्वस्थता के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो

RAJASTHAN HIGH COURT

पाये थे। अतः यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाये तथा याचिका संख्या 8082/2024 को पुनः नम्बर पर लिया जाये।

सुना गया। प्रार्थना पत्र में अंकित कारणों को देखते हुए न्यायहित में यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा दाण्डिक विविध याचिका संख्या 8082/2024 को पुनर्स्थापित करते हुए पुनः मूल नम्बर पर लिए जाने का आदेश दिया जाता है।

कार्यालय तद्नुसार नियमानुसार कार्यवाही करे।

(SHUBHA MEHTA),J

JITENDRA SINGH PANWAR /51